प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 22.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी एल्बेनेज के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनो नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें द्विपक्षीय संबंध व्यापार, सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग के विषय शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जोहान्सबर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंहुचे है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सम्मेलन में तीन मुख्य सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर विविध क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री ने जी–20 शिखर सम्मेलन में भारतीय मूल के टेक उद्यमियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत में काम करने और देश से जुडाव बढाने के लिए प्रोत्साहित किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि इस दौरान टेक उद्यमियों ने फिनटेक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल डिवाइस सहित अन्य क्षेत्रों में अपने काम के बारे में बताया।

..........................

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि चुनाव आयोग ने निष्पक्षता के लिए मतदाता सूचियों के गहन परीक्षण की प्रकिया शुरू की है। इस पर किसी भी पार्टी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। श्री शेखावत आज जोधपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पांच राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण किया गया। आने वाले समय में देश में सभी राज्यों में एसआईआर की प्रकिया होगी।

..........................

प्रदेश में पल्स पोलियो अभियान कल आयोजित किया जायेगा। इसके तहत पांच साल तक के एक करोड़ आठ लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सभी अभिभावको से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर निशुल्क पोलियो खुराक पिलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि देश में पिछले 14 सालों में पोलियो का एक भी नया केस दर्ज नहीं किया गया है और भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित किया जा चुका है। प्रजनन बाल स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मधु रतेश्वर ने बताया कि उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिए प्रदेशभर में 58 हजार 823 पोलियो बूथ स्थापित किये गये है। इसके साथ ही 6 हजार से ज्यादा ट्रांजिट टीमें और आठ हजार से ज्यादा मोबाइल टीम की व्यवस्था की गई है। सभी जिला कलेक्टर उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं कर्मचारियों और आमजन से सकिय भागीदारी का आग्रह कर रहे है। इसी कड़ी में बालोतरा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कल रविवार को आयोजित होने वाले इस अभियान से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दो दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर पोलियो की दवा पिलायेगी।

..........................

राज्य में कई स्थानों पर तापमान में हल्का उतार चढाव हुआ है, वहीं कई शहरों में सुबह देर तक धुंध छाने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, अलवर, झुंझुनूं और सीकर के कई हिस्सों में दिनभर हल्की धुंध छायी रही। बीते 24 घंटों में फतेहपुर और पिलानी 6 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठण्डे रहे। नागौर, जालौर, सिराही, दौसा, चूरू, और सीकर में भी रात का पारा 7 से 9 डिग्री सैल्सियस के बीच रहा। वहीं अन्य शहरों में 10 डिग्री सैल्सियस से ऊपर मापा गया। अधिकतम तापमान की बात करें तो 33 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म रहा। वहीं बीकानेर, चूरू, जैसलमेर और जालौर में दिन का तापमान 28 से 31 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।

..........................